# UNAIDS ग्लोबल एड्स अपडेट

## प्रिलिम्स के लिये:

एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (AIDS), ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV), एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART), UNAIDS, ग्लोबल एड्स अपडेट

## मेन्स के लिये:

एड्स से संबंधित चुनौतियाँ, एड्स उन्मूलन के लिये आवश्यक कदम

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

## चर्चा में क्यों?

*"The Urgency of Now: AIDS at a Crossroads,"* शीर्षक वाले UNAIDS **ग्लोबल एड्स अपडेट- 2024** में HIV/AIDS महामारी की वर्तमान स्थिति और इसके प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया का महत्त्वपूर्ण अवलोकन प्रस्तुत किया गया है।

## रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **परिचय:**
  - यह रिपोर्ट वर्ष 2030 तक **सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में AIDS को समाप्त करने की क्षमता को रेखांकित** करने के साथ असमानताओं को दूर करने, **रोकथाम एवं उपचार तक पहुँच बढ़ाने** और स्थायी संसाधनों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती है।
- **प्रगति और चुनौतियाँ:**
  - **नए HIV संक्रमण और AIDS से संबंधित मौतों में कमी:**
    - वर्ष 2010 से वैश्विक स्तर पर नए HIV संक्रमणों में 39% की कमी आई है, जिसमें **उप-सहारा अफ्रीका में सबसे अधिक गिरावट (56%)** आई है।
    - वर्ष 2023 में 1980 के दशक के उत्तरार्द्ध के बाद से लोगों में **HIV संक्रमण के मामलों में अतुलनीय रूप से कमी** आई, जिसमें लगभग 31 मिलियन लोग एंटी-रेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) प्राप्त कर रहे थे।
    - **AIDS से संबंधित मौतें** वर्ष 2004 में चरम पर पहुँचने के बाद से अपने सबसे **निचले स्तर पर आ गई हैं,** जिसका मुख्य कारण ART तक पहुँच में वृद्धि है।
  - **क्षेत्रीय असमानताएँ:**
    - इस संदर्भ में उप-सहारा अफ्रीका में महत्त्वपूर्ण प्रगति होने के बावजूद पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्य पूर्व व उत्तरी अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में नए HIV संक्रमणों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।
    - **पहली बार उप-सहारा अफ्रीका के बाहर,** इसके आंतरिक क्षेत्र की तुलना में **नए HIV संक्रमण के अधिक** मामले दर्ज किये गए।
  - **प्रमुख प्रभावित समूह:**
    - सेक्स वर्कर, पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष, नशीली दवाओं (मादक पदार्थों) का इंजेक्शन लेने वाले लोग, ट्रांसजेंडर और जेल में बंद लोग सहित प्रमुख आबादी के लिये रोकथाम कार्यक्रमों की अपर्याप्तता एवं इसे कलंक व भेदभाव से जोड़कर देखने के कारण **HIV संक्रमण के उच्च जोखिम का सामना करना पड़ता है।**
    - **इस दिशा में समुदाय द्वारा संचालित इंटरवेंशन/हस्तक्षेप कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण** हैं, लेकिन यह प्रायः कम वित्तपोषित होते हैं।
  - **रोकथाम और उपचार अंतराल:**
    - HIV रोकथाम के प्रयास सीमित रहे हैं, जिसमें प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस (PrEP) और मादक पदार्थों का इंजेक्शन लेने वाले लोगों के लिये क्षति कम करने जैसी सेवाओं तक पहुँच में उल्लेखनीय कमी होना शामिल है।
    - HIV से पीड़ित लगभग 9.3 मिलियन लोग ART प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिनमें बच्चे और किशोर विशेष रूप से प्रभावित हैं।

# UNAIDS

- UNAIDS **संयुक्त राष्ट्र सुधार के लिये एक मॉडल** है जो **संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में एकमात्र सह-प्रायोजित संयुक्त कार्यक्रम** है।
  - यह 11 संयुक्त राष्ट्र प्रणाली सह-प्रायोजकों के अनुभव एवं विशेषज्ञता पर आधारित है और यह **एकमात्र संयुक्त राष्ट्र इकाई** है जिसके शासी निकाय में **नागरिक समाज का प्रतिनिधित्व** है।
- UNAIDS सतत् विकास लक्ष्यों के एक भाग के रूप में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये खतरा माने जाने वाले **AIDS का वर्ष 2030 तक उन्मूलन करने के वैश्विक प्रयास का नेतृत्व** कर रहा है।

**Figure 0.1** Number of new HIV infections, global, 1990–2023, and 2025 target




Source: UNAIDS epidemiological estimates, 2024 (https://aidsinfo.unaids.org/).

**Figure 0.2** Number of AIDS-related deaths, global, 1990–2023, and 2025 target




Source: UNAIDS epidemiological estimates, 2024 (https://aidsinfo.unaids.org/).

# HIV/AIDS क्या है?

- **परिचय:**
  - **HIV/AIDS एक वायरल संक्रमण** है जो प्रतिरक्षा प्रणाली, विशेष रूप से CD4 कोशिकाओं (टी कोशिकाओं-जो प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं) पर हमला करता है।
  - यदि HIV का उपचार न किया जाए तो यह शरीर में CD4 कोशिकाओं (टी कोशिकाओं) की संख्या को कम कर देता है, जिससे व्यक्ति को संक्रमण या संक्रमण-संबंधी कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है।
  - **AIDS, HIV संक्रमण का अंतिम चरण है**, जब प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती है और संक्रमण से लड़ने में सक्षम नहीं रह जाती है।
- **HIV/AIDS के कारण:**
  - HIV संक्रमण **ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के कारण** होता है। यह **वायरस संक्रमित शारीरिक तरल पदार्थ (जैसे रक्त, वीर्य, योनि द्रव एवं मलाशय द्रव)** के संपर्क के माध्यम से फैलता है।
  - यह यौन संपर्क, सुई या सिरिंज साझा करने, प्रसव या स्तनपान के दौरान माँ से बच्चे में तथा कभी-कभी रक्त आधान या अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से फैल सकता है।
- **HIV/AIDS के लक्षण:**
  - **नैदानिक अव्यक्त संक्रमण:**
    - **ऐसे मामलों में HIV सक्रिय होता है** लेकिन अत्यंत निम्न स्तर पर वृद्धि करता है। पीड़ितों में लक्षणों का अभाव होता है या हल्के लक्षण प्रकट होते हैं।
  - **एक्यूट HIV संक्रमण**

        - **इसके लक्षण फ्लू जैसे हो सकते हैं,** जिनमें बुखार आना, लिम्फ नोड्स का सूजन, गले में खराश, दाने/चकत्ते, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द और सिरदर्द शामिल हैं।
    - **एड्स (AIDS):**
        - **एड्स के लक्षण गंभीर होते हैं और इनमें तेज़ी से वजन कम होना, बार-बार बुखार आना या रात में अत्यधिक पसीना आना,** अत्यधिक और अस्पष्ट कारणों से थकान महसूस होना आदि शामिल हैं।
- **HIV/AIDS का निदान:**
    - **HIV एंटीबॉडी/एंटीजन परीक्षण:** ये परीक्षण वायरस द्वारा उत्पादित एंटीबॉडी या एंटीजन का पता लगाते हैं और आमतौर पर रक्त या लार के माध्यम से किये जाते हैं।
    - **न्यूक्लिक एसिड परीक्षण (NATs):** ये परीक्षण एंटीबॉडी परीक्षणों की तुलना में शीघ्रता से HIV संक्रमण का पता लगा सकते हैं।
- **उपचार एवं प्रबंधन:**
    - **एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART):** ART में प्रतिदिन HIV दवाओं का एक संयोजन ग्रहण करना शामिल है। ART, HIV का इलाज नहीं कर सकती है, लेकिन यह वायरस को नियंत्रित कर सकती है, जिससे HIV पीड़ित लोग लंबे समय तक और अपेक्षाकृत स्वस्थ जीवन जी सकते हैं तथा इससे वायरस को दूसरों तक प्रसारित करने का जोखिम कम किया जा सकता है।
    - **प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस (Pre-exposure prophylaxis- PrEP):** PrEP उन लोगों के लिये एक गोली है, जिन्हें HIV नहीं है, लेकिन उन्हें इसका जोखिम बना हुआ है। इसे नियमित रूप से लेने से HIV संक्रमण का खतरा कम हो सकता है।
    - **हाल ही में ब्रिटेन में एक HIV दवा को मंज़ूरी दी** गई है, जो प्रतिदिन ली जाने वाली कई दवाओं की ज़रूरत को कम करेगी।

## HIV की रोकथाम हेतु भारत के प्रयास

- HIV और AIDS (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017
- एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) तक पहुँच
- **समझौता ज्ञापन (MoU): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने HIV/एड्स संबंधी जागरूकता बढ़ाने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों तथा HIV/एड्स से पीड़ित बच्चों** और लोगों के खिलाफ सामाजिक दुर्व्यवहार एवं भेदभाव की घटनाओं को कम करने के लिये वर्ष 2019 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- **प्रोजेक्ट सनराइज़:**
    - **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में उत्तर-पूर्वी राज्यों में बढ़ते HIV के** प्रसार से निपटने हेतु विशेष रूप से ड्रग्स इंजेक्शन का प्रयोग करने वाले लोगों में इसके प्रयोग को रोकने हेतु 'प्रोजेक्ट सनराइज़' (Project Sunrise) शुरू किया गया था।
- **लक्ष्य:** भारत ने **UNAIDS के 90-90-90 लक्ष्यों** (एचआईवी पॉजिटिव लोगों में से 90% लोगों के रोग की जाँच करना, जाँच किये गए एचआईवी पॉजिटिव लोगों में से 90% को एंटीरेट्रोवायरल उपचार देना जबकि एंटीरेट्रोवायरल उपचार प्राप्त लोगों में से 90% को इस संक्रमण से मुक्त करना) को प्राप्त करने तथा वर्ष 2030 तक एड्स को समाप्त करने हेतु लक्षित हस्तक्षेपों का लाभ उठाने की मांग की।

## अंतर्राष्ट्रीय पहल

- **HIV/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम:**
    - यह **सतत् विकास लक्ष्यों** के हिस्से के रूप में **वर्ष 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने** के वैश्विक प्रयास का नेतृत्व कर रहा है। इसकी शुरुआत वर्ष 1996 में हुई थी।
    - **UNAIDS का लक्ष्य है कि HIV संक्रमण के नए मामले शून्य हों,** भेदभाव न हो और एड्स से संबंधित मौतें शून्य हों।
    - वर्ष 2016 में **एड्स को समाप्त करने पर संयुक्त राष्ट्र राजनीतिक घोषणा** को अपनाया गया था।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के सितंबर 2015 के "सभी का उपचार करें" मार्गदर्शन में यह सिफारिश की गई थी कि HIV संक्रमण और निदान के बाद **सभी व्यक्तियों का जल्द से जल्द उपचार किया जाए।**
    - इसके अतिरिक्त ट्रीट ऑल रणनीति में HIV की घटनाओं को कम किया जा सकता है क्योंकि यह HIV संचरण की संभावना में कमी लाने पर केंद्रित है।
- **वैश्विक एड्स रणनीति 2021-2026 -** असमानताओं को समाप्त करना। एड्स को समाप्त करना। यह एक साहसिक नई पहल है जिसका उद्देश्य असमानताओं के दृष्टिकोण का उपयोग करके एड्स के खिलाफ लड़ाई में बाधा डालने वाले अंतराल को समाप्त करना है।

## रिपोर्ट में मुख्य सुझाव क्या हैं?

- **HIV रोकथाम में तेज़ी लाना:**
    - रिपोर्ट में **HIV रोकथाम सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने** (विशेषकर सेक्स वर्कर, पुरुषों के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले पुरुष, नशीली दवाओं का इंजेक्शन लगाने वाले व्यक्ति, ट्रांसजेंडर व्यक्ति और जेल में बंद व्यक्तियों के लिये) की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है।
    - सुरक्षित शारीरिक संबंध के लिये **कंडोम कार्यक्रमों को बहाल करना और उन्हें वित्तपोषित करना (** विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ इनके उपयोग में कमी आई है) चाहिये।
    - **PrEP की उपलब्धता और उपयोग को बढ़ाना** चाहिये**,** वर्ष 2025 तक 21.2 मिलियन व्यक्तियों द्वारा PrEP का उपयोग करने के वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिये।
- **उपचार और देखभाल को बढ़ाना:**

- सुनिश्चित किया जाए कि **वर्ष 2025 तक HIV से पीड़ित 95% लोगों को ART उपलब्ध हो** । वर्तमान में HIV से पीड़ित केवल 77% लोग ART प्राप्त कर रहे हैं।
- HIV से पीड़ित बच्चों के निदान और उपचार में सुधार करना चाहिये। HIV से पीड़ित केवल **48% बच्चे ART प्राप्त कर रहे हैं, जबकि वयस्कों में यह संख्या 78%** है।
- परिणामों में सुधार लाने तथा **तपेदिक, हेपेटाइटिस और गैर-संचारी रोगों** जैसी सह-रुग्णताओं का समाधान करने के लिये HIV सेवाओं को व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकृत करना चाहिये।

**Figure 0.5** Number of people receiving antiretroviral therapy, 2010–2023, global, and 2025 target




- **असमानताओं और कलंक से संबंधित समस्या का समाधान करना:**
  - **HIV संक्रमण, जोखिम और इसके गैर-प्रकटीकरण को अपराध बनाने** वाले कानूनों को हटाने के साथ ही प्रमुख आबादी को लक्षित करने वाले कानूनों को भी हटाना चाहिये। वर्तमान में अधिकांश देशों में इस संदर्भ में दंडात्मक कानून प्रचलित हैं।
  - स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक वातावरण में **कलंक और भेदभाव को कम करने के लिये कार्यक्रम लागू** करने चाहिये। HIV से पीड़ित लोगों के लिये कानूनी सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित करना चाहिये।

**Figure 0.6** Percentage of people living with HIV who know their HIV status, of people who know their HIV status and are receiving antiretroviral therapy, and of people on HIV treatment who have suppressed viral load, global, 2023




Source: Further analysis of UNAIDS epidemiological estimates, 2024.

- **सामुदायिक-नेतृत्व वाली प्रतिक्रियाएँ:**
  - इस क्रम में **सामुदायिक-नेतृत्व वाले संगठनों की भूमिका को मज़बूत करना चाहिये।**
    - इन संगठनों का लक्ष्य उच्च जोखिम वाली आबादी में 30% परीक्षण एवं उपचार सेवाओं सहित 80% HIV रोकथाम सेवाएँ प्रदान करना है।
- **प्रभावी वित्तपोषण:**
  - HIV कार्यक्रमों के लिये **वित्तपोषण में कमी को दूर करना चाहिये।** लक्ष्यों को पूरा करने के लिये वर्ष 2025 तक अनुमानित अतिरिक्त 9.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है।
  - HIV प्रतिक्रिया को बनाए रखने के लिये **नए वित्तपोषण स्रोतों** और तंत्रों की खोज करना (विशेषकर निम्न तथा मध्यम आय वाले देशों में) जारी रखना चाहिये।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

प्रश्न. भारत जैसे विकासशील देशों में AIDS को समाप्त करने से संबंधित प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा कीजिये। इन चुनौतियों से निपटने के उपाय बताइये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***??????????:***

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. एडेनोवायरस में सिंगल-स्ट्रैंडेड डीएनए जीनोम होते हैं जबकि रेट्रोवायरस में डबल-स्ट्रैंडेड डीएनए जीनोम होते हैं।
2. सामान्य सर्दी कभी-कभी एडेनोवायरस के कारण होती है जबकि एड्स, रेट्रोवायरस के कारण होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन-सा रोग टैटू गुदवाने से एक व्यक्तसि दूसरे व्यक्तमिं फैल सकता है? (2013)**

1. चकिनगुनयिा
2. हेपेटाइटसि बी
3. HIV-एड्स

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. मानव प्रतरिक्षा-हीनता वषिाणु (हयूमन इम्यूनोडेफशिएिंसी वायरस) के संचरण के संदर्भ में, नम्निलखिति में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है ? (2010)**

(a) स्त्री से पुरुष में संचरण की संभावना पुरुष से स्त्री में संचरण की तुलना में दुगुनी होती है।
(b) यद‍ि व्यक्त‍ि किसी अन्य यौन-संचारति रोग से भी पीड़ति है, तो संचरण की संभावना बढ़ जाती है।
(c) संक्रमण-पीड़ति माँ अपने शशिु को गरभावस्था के दौरान, प्रसूत‍ि के समय तथा स्तनपान से संक्रमण संचारति कर सकती है।
(d) दूषति सुई लगने की तुलना में संक्रमति रक्त चढ़ाए जाने पर संक्रमण का जोखमि कहीं अधकि होता है।

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजिए : (2010)**

1. हैपेटाइटसि B, HIV/एड्स की तुलना में कई गुना अधकि संक्रामक है।
2. हैपेटाइटसि B यकृत कैंसर उत्पन्न कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

---

***?????:***

**प्रश्न. सामाजकि वकिास की संभावनाओं को बढ़ाने के क्रम में, वशिषकर जराचकित्सा एवं मातृ स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में सुदृढ़ और पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी नीतयिों की आवश्यकता है। ववेचिन कीजयि। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unaids-global-aids-update